**न्यायालय सिविल जज (एस0डी0), रूड़की, जिला हरिद्वार।**
**पीठासीन अधिकारी–रीतिका सेमवाल, उत्तराखण्ड न्यायिक सेवा।**
प्रकीर्ण वाद संख्या–28 / 2022
कम्प्यूटर पंजीकरण संख्या–22 / 2022
सी.एन.आर.नं0–यू.के.एच.ए.07–000298–2022

श्रीमती मधुसुमन कुच्छल पत्नी स्व0 अचल कुमार कुच्छल, निवासी 174 / 2 ए–गुरू छाया सोलानीपुरम, रूड़की, परगना व तहसील रूड़की, जिला हरिद्वार।

**बनाम**

1– देवांश कुच्छल पुत्र स्व0 अचल कुमार कुच्छल।

2– श्री वेदांत कुच्छल पुत्र स्व0 अचल कुमार कुच्छल निवासीगण 174 / 2 ए – गुरू छाया सोलानीपुरम, रूड़की, परगना व तहसील रूड़की, जिला हरिद्वार।

3– आम जनता, रूड़की, जिला हरिद्वार उत्तराखण्ड।

**दिनांक 28.11.2024–**

पत्रावली पेश हुई। वाद पुकारा गया। प्रार्थिनी के विद्वान अधिवक्ता श्री मनोज कुमार एवं विपक्षी संख्या 1 व 2 के विद्वान अधिवक्ता श्री राजेश कुमार न्यायालय में उपस्थित आये। पक्षकारों के विद्वान अधिवक्तागण को प्रार्थना पत्र संख्या 4क1 पर सुना गया।

**निस्तारण प्रार्थना पत्र संख्या 4क1**

**2.** प्रार्थिनी श्रीमती मधुसमन द्वारा प्रार्थना पत्र संख्या 4क1 प्रस्तुत कर कथन किये गये हैं कि प्रार्थिनी के पति अचल कुमार कुच्छल का देहान्त दिनांक 18.10.2020 को हो गया था। प्रार्थिनी स्व0 अचल कुमार कुच्छल की पत्नी है। विपक्षी संख्या 1 व 2 मृतक के पुत्र हैं। इनके अतिरिक्त मृतक का अन्य कोई विधिक वारिसान नहीं है। स्व0 अचल कुमार कुच्छल के डीमेट एकाउन्ट कोटेक महिन्द्रा बैंक के साथ जिसका सी.आर.एन नं0 74425781 और डी.पी. आई.डी. आई.एन.302814 और क्लाईन्ट आई.डी. 12348667 में मु0 766258.10 / –रूपये के शेयर क्रय किये थे। जो निम्न प्रकार हैं– 1- ISIN NO. INE361D01012 Casting/Foundry Uni Abex Alloy Products Ltd. 36025/- Qty 100, 2- ISIN NO. INE899L01022 Electric Equipment Transformers Ujjas Energy Ltd. 2460/- Qty 600, 3- ISIN NO. INE224A01026 Engines/Graves Cotton Ltd. 58040/- Qty 800, ISIN NO. 4- INE090A01021 Finance Banks private Sector ICICI Bank Ltd. 66736/- Qty 160, 5- ISIN NO. INE476A01014 Finance Bank Public Sector Canara Bank. 7062.60/- Qty 79, 6- ISIN NO. INE477A01020 Finance Housing/Can fin Home Ltd. 46610/- Qty 100, 7- ISIN NO. INE020B01018 Finance Terms lending institution Rec Ltd. 33600/- Qty 350, 8- ISIN NO. INE670A01012 IT Consulting & Software Tata elxsi Ltd. 5,14,084.50/- Qty 345, 9- ISIN NO. INE195N01013 Project Consultancey/Turnkey Prozone intu properties Ltd. 1640/- Qty 100. विभाग के दस्तावेजों में वारिस का नॉमिनी न होने के कारण डीमेट एकाउन्ट स्थित कोटक महिन्द्रा बैंक ने उक्त धनराशि का भुगतान करने से इंकार कर दिया है। अतः प्रार्थिनी द्वारा स्व0 अचल कुमार कुच्छल के डीमेट एकाउन्ट कोटेक महिन्द्रा बैंक के साथ जिसका सी.आर.एन

नं0 74425781 और डी.पी.आई.डी. आई.एन.302814 और क्लाईन्ट आई.डी. 12348667 में मु0 7,66,258.10/—रूपये के शेयर की बाबत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किये जाने की प्रार्थना की गई है।

**3.** विपक्षीया संख्या 1 व 2 द्वारा जवाबदावा कागज संख्या 18क1/1 ता 18क1/2 प्रस्तुत कर कथन किया गया है कि प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 371 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के समस्त कन्टेन्टस स्वीकार हैं। विपक्षी संख्या 1 व 2 स्व0 अचल कुमार कुच्छल के पुत्रगण हैं। स्व0 अचल कुमार कुच्छल की दिनांक 18.10.2020 को मृत्यु हो गई है। स्व0 अचल कुमार कुच्छल के कानूनी वारिसों में प्रार्थिनी एवं विपक्षी संख्या 1 व 2 हैं। स्व0 अचल कुमार कुच्छल के कोटक डीमेट एकाउन्ट कोटेक महेन्द्रा बैंक रूड़की में मु0 7,66,258. 10/—रूपये देय चले आते हैं। विपक्षी संख्या 1 व 2 को प्रार्थिनी के हक में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी करने में कोई आपत्ति नहीं है।

**4.** विपक्षी संख्या 3 जनता पर इस वाद की तामीली दिनांक 07.08.2022 को बजरिये अखबार प्रकाशन एवं नोटिस द्वारा कराई गई, जो पत्रावली पर उपलब्ध हैं। बावजूद तामिली विपक्षी संख्या 3 आम जनता की ओर से कोई उपस्थित नहीं हुआ और ना ही किसी पक्ष की ओर से न्यायालय में उपस्थित होकर कोई आपत्ति प्रस्तुत की गई।

**5.** प्रार्थिनी की ओर से अपने कथनों के समर्थन में प्रलेखीय साक्ष्य में सूची 7ग1 से मूल डिनायल लेटर और वैल्यूएशन प्रमाण पत्र कागज संख्या 8क1, मधुसुमन के आधार कार्ड की छायाप्रति कागज संख्या 9ग1, पारिवारिक सदस्यों का सत्यापन प्रमाण पत्र की छायाप्रति कागज संख्या 10ग1, अचल कुमार कुच्छल का मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति कागज संख्या 11ग1 तथा सूची दस्तावेज संख्या 31ग1 से अचल कुमार कुच्छल का मृत्यु प्रमाण पत्र कागज संख्या 32क1, परिवार रजिस्टर सत्यापन प्रमाण पत्र कागज संख्या 33क1 पत्रावली में प्रस्तुत किये गये हैं।

**6.** प्रार्थिनी श्रीमती मधुसुमन की ओर से मौखिक साक्ष्य में स्वयं का साक्ष्य शपथ पत्र कागज संख्या 29क2/1 ता 29क2/3 प्रस्तुत किया गया।

**7.** सुना तथा पत्रावली का अवलोकन किया गया।

**8.** प्रार्थिनी द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर कथन किया गया है कि प्रार्थिनी के पति अचल कुमार कुच्छल का देहान्त दिनांक 18.10.2020 को हो गया था। प्रार्थिनी स्व0 अचल कुमार कुच्छल की पत्नी है। विपक्षी संख्या 1 व 2 मृतक के पुत्र हैं। इनके अतिरिक्त मृतक का अन्य कोई विधिक वारिसान नहीं है। स्व0 अचल कुमार कुच्छल के डीमेट एकाउन्ट कोटेक महिन्द्रा बैंक के साथ जिसका सी.आर.एन नं0 74425781 और डी.पी.आई.डी. आई.एन.302814 और क्लाईन्ट आई.डी. 12348667 में मु0 766258.10/—रूपये के शेयर क्रय किये थे। 1- ISIN NO. INE361D01012 Casting/Foundry Uni Abex Alloy Products Ltd. 36025/- Qty 100, 2- ISIN NO. INE899L01022 Electric Equipment Transformers Ujjas Energy Ltd. 2460/- Qty 600, 3- ISIN NO.

INE224A01026 Engines/Graves Cotton Ltd. 58040/- Qty 800, ISIN NO. 4- INE090A01021 Finance Banks private Sector ICICI Bank Ltd. 66736/- Qty 160, 5- ISIN NO. INE476A01014 Finance Bank Public Sector Canara Bank. 7062.60/- Qty 79, 6- ISIN NO. INE477A01020 Finance Housing/Can fin Home Ltd. 46610/- Qty 100, 7- ISIN NO. INE020B01018 Finance Terms lending institution Rec Ltd. 33600/- Qty 350, 8- ISIN NO. INE670A01012 IT Consulting & Software Tata elxsi Ltd. 5,14,084.50/- Qty 345, 9- ISIN NO. INE195N01013 Project Consultancey/Turnkey Prozone intu properties Ltd. 1640/- Qty 100. विभाग के दस्तावेजों में वारिस का नॉमिनी न होने के कारण डीमेट एकाउन्ट स्थित कोटक महिन्द्रा बैंक ने उक्त धनराशि का भुगतान करने से इंकार कर दिया है। तद्नुसार प्रार्थिनी द्वारा उपरोक्त धनराशि बाबत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किये जाने की प्रार्थना की गई है। पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली पर दाखिल अचल कुमार कुच्छल का मृत्यु प्रमाण पत्र कागज संख्या 32क1, परिवार रजिस्टर सत्यापन प्रमाण पत्र कागज संख्या 33क1 के अवलोकन से विदित है कि प्रार्थिनी के पति स्व0 अचल कुमार कुच्छल की मृत्यु हो चुकी है तथा प्रार्थिनी एवं विपक्षी संख्या 1 व 2 मृतक की पत्नी व संतानें हैं तथा विधिक वारिसान हैं।

**9.** पत्रावली पर दाखिल मूल डिनायल लेटर और वैल्यूएशन प्रमाण पत्र कागज संख्या 8क1 से विदित है कि उपरोक्त वर्णित डीमेट खातें में कुल मु0 7,66,258.10/—रूपये की धनराशि जमा होना दर्शित है।

**10.** विपक्षी संख्या 5 आम जनता से आपत्ति आमंत्रित करने हेतु समाचार पत्र प्रकाशित कराया जाकर उन पर नोटिस की तामीली कराई गई। बावजूद इसके विपक्षी आम जनता की ओर से आपत्ति प्रस्तुत करने हेतु न्यायालय में कोई उपस्थित नहीं हुआ।

**11.** प्रार्थिनी की ओर से स्वयं का साक्ष्य शपथ पत्र कागज संख्या कागज संख्या 29क2/1 ता 29क2/3 एवं पत्रावली पर दाखिल दस्तावेजी साक्ष्य से प्रार्थना पत्र 4क1 के कथनों का पूर्णरूप से समर्थन होता है। विपक्षी संख्या 1 व 2 द्वारा जवाबदावा प्रस्तुत कर प्रार्थिनी के हक में उपरोक्त वर्णित धनराशि की बाबत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किये जाने में अनापत्ति की गई है। अतः उपरोक्त तथ्यों एवं परिस्थितियों के दृष्टिगत न्यायालय के मत में प्रार्थिनी के हक में स्व0 अचल कुमार कुच्छल के डीमेट एकाउन्ट कोटेक महिन्द्रा बैंक के साथ जिसका सी.आर.एन नं0 74425781 और डी.पी.आई.डी. आई.एन.302814 और क्लाईन्ट आई.डी. 12348667 में मु0 766258.10/—रूपये की बाबत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किये जाने का आधार पर्याप्त है तथा प्रार्थिनी का प्रार्थना पत्र 4क1 स्वीकार किये जाने योग्य है।

## —: आदेश : —

प्रार्थिनी का प्रार्थना पत्र 4क1 बाबत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र स्वीकार किया जाता है। स्व0 अचल कुमार कुच्छल के डीमेट एकाउन्ट कोटेक महिन्द्रा बैंक के साथ जिसका सी.आर.एन नं0 74425781 और डी.पी.आई.डी. आई.एन.302814 और क्लाईन्ट आई.डी. 12348667 में मु0 766258.10/—रूपये की बाबत शेयरर्स के वर्तमान मूल्य को प्राप्त करने हेतु

प्रार्थिनी श्रीमती मधुसुमन कुच्छल पत्नी स्व0 अचल कुमार कुच्छल, निवासी 174/2 ए–गुरू छाया सोलानीपुरम, रूड़की, परगना व तहसील रूड़की, जिला हरिद्वार के हक में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र नियमानुसार जारी किया जाये।

प्रार्थी अन्तर्गत धारा 379 उत्तराधिकार अधिनियम संख्या 39 सन् 1925 के प्रावधानों का अनुपालन करते हुए मूल्यांकन के अनुसार आवश्यक न्यायशुल्क जमा करें। इसके पश्चात् ही उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, Shedule VIII उत्तराधिकार अधिनियम संख्या 39 सन् 1925 के अनुसार जारी किया जाये। प्रार्थी अधिनियम 1925 की धारा 375 के अनुसार इस निर्णय के उद्देश्य हेतु निर्णय में अभिलिखित समस्त धनराशि के सम्बन्ध में प्रार्थी द्वारा मुल्यांकित की गई मु0 7,66,258.10/–रूपये का व्यक्तिगत बंधपत्र प्रस्तुत करें।

पत्रावली नियमानुसार अभिलेखागार संचित हो।

दिनांक 28.11.2024

**(रीतिका सेमवाल)**
सिविल जज (एस0डी0),रूड़की,
जिला हरिद्वार।